दिनांक: 26.07.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

प्रधानमंत्री- तमिलनाडु दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तमिलनाडु के दो दिन के दौरे □र आज शाम तूतिकोरिन □हुंचेंगे। श्री मोदी शाम को तूतिकोरिन हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री **चार हजार आठ सौ करोड़ रुपये** लागत की विभिन्न □रियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। श्री मोदी अरयालुर जिले में गंगईकोंडा-चोला□ुरम मंदिर में चोल शासक राजेन्द्र चोल प्रथम के **आदि थिरुवथिरल समारोह** में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री मालदीव-उपराष्ट्रपति

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज मालदीव के उ□राष्ट्र□ति हुसैन मोहम्मद लतीफ के साथ बैठक की। दोनों नेताओं ने भारत-मालदीव मैत्री □र चर्चा की, जिसमें बुनियादी ढाँचा, प्रौद्योगिकी, जलवायु □रिवर्तन, ऊर्जा जैसे क्षेत्रों □र ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर □र श्री मोदी ने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग से बहुत लाभ हुआ है और दोनों देश आने वाले वर्षों में अ□नी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तत्□र हैं।

करगिल विजय दिवस

देश आज करगिल विजय दिवस मना रहा है। यह दिवस 1999 में पाकिस्तान के खिलाफ हुए करगिल युद्ध में शहीद हुए वीर जवानों की स्मृति में मनाया जाता है। यह दिन करगिल युद्ध में पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन विजय की सफलता का प्रतीक है। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कारगिल विजय दिवस की ढेरों शुभकामनाएं दी है।

लद्दाख में 26वें करगिल विजय दिवस के अवसर पर 1999 के करगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देने के लिए द्रास में करगिल युद्ध स्मारक पर समारोह आयोजित किया गया। खेल मंत्री मनसुख लाल मांडविया, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और लद्दाख के उपराज्यपाल कविंद्र गुप्ता ने शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की। प्रदेश में भी आज कई आयोजन हो रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव रीवा के सैनिक स्कूल पहुंचकर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों का नमन करेंगे।

रीवा कॉन्क्लेव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज रीवा में दो दिवसीय रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का शुभारंभ करेंगे। इस कॉन्क्लेव का उद्देश्य मध्यप्रदेश में पर्यटकों की संख्या में वृद्धि के साथदृसाथ पर्यटन व्यवसायियों, टूर ऑपरेटर्स और होटल इंडस्ट्री के बीच सहयोग और साझेदारी को बढ़ाना है। साथ ही मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि तथा विंध्य क्षेत्र की पर्यटन क्षमताओं को पहचानते हुए राज्य में पर्यटन निवेश को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन किया जा रहा है।

मौसम

प्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। कल प्रदेश के 30 से अधिक जिलों में बारिश हुई। राजधानी भोपाल में सुबह के समय मूसलाधार बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए प्रदेश के पांच जिलों में अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया हैं। इनमें रायसेन, सागर, दमोह, पन्ना, सतना और रीवा शामिल हैं। इसके अलावा 21 जिलो में ओरैंज अलर्ट जारी किया गया हैं। प्रदेश के बाकी जिलों में बारिश के लिए यलो अलर्ट है। बैतूल के सारणी के सतपुड़ा बांध सात गेट खोल दिए गए हैं। मुरैना के पगारा बांध के 6 गेट खोल दिए गए हैं। भोपाल में कल रात से तेज बारिश जारी हैं।

समाचार संक्षेप में .....

- नर्मदापुरम जिले के माखननगर और पिपरिया में जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आज रोजगार मेले का आयोजन किया गया।
- अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को पन्ना टाइगर रिजर्व द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसके तहत सुबह 7 से 9 बजे तक रन फॉर टाइगर्स की थीम पर मिनी मैराथॉन का आयोजन किया जाएगा।

- शिवपुरी जिले में कृषि एवं राजस्व विभाग की टीम द्वारा कल नरवर तहसील के ग्राम आदिवासी टपरा छितरी में अवैध उर्वरक भण्डारण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही की गई। इस दौरान बिना लायसेंस के अधिक मूल्य पर उर्वरक विक्रय किए जाने की षिकायत पर दो लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई।
- संयुक्त राष्ट्र के रिकॉर्ड में इंदौर अब वेटलैंड सिटी के रू□ में दर्ज हो गया है| इंदौर को वैश्विक स्तर □र वेटलैंड सिटी के रू□ में मान्यता प्राप्त हो गई है |
- राष्ट्रीय □ोषण अभियान के अंतर्गत आगरमालवा जिले में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग द्‌वारा संचालित □ोषण ट्रैकर ए□" एवं सम्□र्क ए□ □र की जा रही प्रविष्टियों की समीक्षा की गई।
- पन्ना में इस वर्ष जन्माष्टमी के अवसर पर आगामी 16–17 अगस्त को श्री जुगल किशोर मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण पर्व का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

नमस्कार।

....